दिनांकः 16.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कर्मचारी संगठनों से बजट पूर्व संवाद किया, कहा–संगठनों के सुझावों से बजट और अधिक समावेशी होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करेंगी–राजस्थान की पैरा शूटर मोना अग्रवाल को अर्जुन पुरस्कार।

राज्य के अधिकांश भागों में अगले 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना–कई स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने के आसार।

000

सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 में लागू होंगी। श्री वैष्णव ने कहा चेयरमैन और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्पेस सेक्टर को लेकर फैसला लिया गया है। सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि वर्ष 2040 तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य में तीसरे लाँच पैड की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि 3 हजार 985 करोड़ रुपये की लागत से तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी गई है।

000

राज्य के आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज कर्मचारी प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी संगठनों से मिले सुझाव आगामी बजट को और अधिक समावेशी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इन सुझावों का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण करेगी और बजट में शामिल करने का हरसंभव प्रयास करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा बैठक में उठाए गए मुद्दों का यथासंभव निराकरण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 10 मार्च से शुरू होगी, जो 30 जून तक चलेगी। गेहूं बेचने के लिए राज्य सरकार के पोर्टल पर 25 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए प्रदेशभर में 259 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में श्री गोदारा ने ये जानकारी दी। इस बैठक से राजस्थान सहित पांच अन्य राज्यों के मंत्री भी जुड़े। बैठक में श्री गोदारा ने बताया कि राज्य में किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य के अलावा प्रति क्विंटल 125 रुपए का बोनस दिया जा रहा है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपए प्रति क्विंटल है लेकिन प्रदेश के किसानों को बोनस सहित 2 हजार 550 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि किसानों के मुद्दों का समय पर समाधान बहुत जरूरी है। श्री धनखड़ ने आज कर्नाटक के धारवाड़ में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में कहा कि किसानों की समस्या पर तत्काल ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर किसानों की

समस्याओं का समाधान खोजने के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम करें। श्री धनखड़ ने हल्दी बोर्ड के गठन की सराहना करते हुए कहा कि सरकार इसी तर्ज पर और बोर्ड बनाए, जिससे कृषि–उपज को मूल्य संवर्धन और विशेष उपचार मिल सके। उन्होंने किसानों से खेती में प्रौद्योगिकी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील की।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में ''स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम'' के तहत पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के दौरान श्री बिरला ने घोषणा की कि क्षेत्र के विद्यार्थी अब स्कूल और कॉलेज में पासपोर्ट बनवा सकेंगे। पत्रकारों से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि इस सेवा से हाड़ौती अंचल विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।

................

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलम्पिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। इनमें राजस्थान की पैरा शूटर मोना अग्रवाल भी शामिल हैं। मोना ने पेरिस पैरालिम्पिक में दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एसएच–1 निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था।

000

स्टार्टअप इंडिया अभियान की आज नौवीं वर्षगांठ है। इस अवसर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। पाली के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय स्थित स्टार्टअप प्रशिक्षण केन्द्र में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही उन्हें स्टार्टअप शुरू करने के गुर सिखाए गए। कोटपूतली–बहरोड़ के बानसूर में कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को कौशल विकास की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस योजना से प्रदेश में भी उद्यमशीलता का नया युग शुरू हुआ है। यह योजना नए विचारों को प्रोत्साहित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

000

राज्य के अधिकांश भागों में अगले 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके अलावा कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी 2–3 दिन घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कोहरे के प्रभाव से कहीं–कहीं दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इस बीच, राज्य में सबसे कम 3 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान नागौर में दर्ज हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

...............

फतेहपुर शेखावाटी में 5 दशमलव 4, अलवर में 5 दशमलव 8, अजमेर में 6 दशमलव 2, सीकर और जैसलमेर में 6 दशमलव 7 और राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

000

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल–जिफ कल से शुरू हो रहा है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले समारोह में देश–विदेश के 400 से अधिक फिल्म उद्योग से जुड़े दिग्गज शिरकत करेंगे। एक रिपोर्ट –

..............

000

**समाचार महाकुंभ से –**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम ''संस्कृति का महाकुंभ'' आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत गंगा पंडाल में प्रसिद्ध कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परम्परा को दर्शा रहे हैं। इस बीच कुंभ में भाग लेने के लिए राजस्थान से जाने वाले लोगों के लिए रेल्वे और राजस्थान रोडवेज की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। 12 जनवरी से रोडवेज द्वारा

विशेष बसें संचालित हो रही हैं। वहीं कल से कोटा के सोगरिया से बनारस के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये रेलगाड़ी 22 फरवरी तक सप्ताह में दो दिन शुक्रवार और मंगलवार को चलाई जाएगी। ये ट्रेन सोगरिया से कल सुबह आठ बजकर 15 मिनट रवाना होगी। वहीं एक अन्य रेलगाडी बाडमेर से बरौनी के बीच 19 जनवरी से चलाई जाएगी। इससे पहले, आज जयपुर से साबरमती बनारस स्पेशल ट्रेन रवाना हुई।
000

प्रदेश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बालोतरा में परिवहन विभाग की ओर से पचपदरा रिफाइनरी क्षेत्र में कार्यरत वाहन चालकों और कर्मचारियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में सड़क सुरक्षा कौशल के बारे में भी बताया गया।

000